श्री सुभाष सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना संख्या-06/2026 के संबंध में

राज्य सरकार द्वारा लम्बे समय से नदियों के किनारे बसे गाँव को बाढ़ से बचाव हेतु नए तटबन्ध/राजस्व छरकियों का निर्माण कराती रही है। गोपालगंज जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के ओलीपुर, गोरयाखाल, खैरटिया, खाप मकसूदपुर, जगीरीटोला एवं ख्वाजेपुर गंडक नदी के तट पर बसा है तथा इन गाँवों के सामने नदी पर बांध/छरकी नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष ये सभी गाँव बाढ़ का प्रकोप झेलते है। इन गाँवों को बाढ़ से बचाव हेतु हरपुर नहर से ख्वाजेपुर तक गंडक नदी के किनारे नए तटबन्ध निर्माण की माँग लम्बे समय से हो रही है जो नितान्त आवश्यक है।

अतः लोकहित में गोपालगंज जिलान्तर्गत हरपुर नहर से ख्वाजेपुर तक तटबन्ध निर्माण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति यह है कि गंडक नदी के दायें किनारे पर अवस्थित प्रश्नगत स्थलों के समीप बाढ़ से सुरक्षार्थ सारण मुख्य तटबन्ध एवं कतिपय छरकियाँ निर्मित हैं।

गोपालगंज जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के प्रश्नगत ओलीपुर, गोरयाखाल एवं खैरटिया ग्राम सारण तटबन्ध के कन्ट्री भाग में अवस्थित होने के फलस्वरूप उक्त सभी गाँव बाढ़ से सुरक्षित हैं।

खाप मकसूदपुर, जगीरीटोला एवं ख्वाजेपुर ग्राम गंडक नदी के दायें तट पर निर्मित मंगुराहा एवं गौसिया छरकी के नदी भाग में बसे हुऐ हैं। बाढ़ अवधि के दौरान गंडक नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ने पर नदी का पानी एन०एस०एल० पर फैलता है एवं जलस्तर घटने पर पानी स्वतः नदी में वापस चला जाता है। तटबंध के नदी भाग में बसे प्रश्नगत ग्रामों के सुरक्षार्थ नया तटबंध/ छरकी निर्माण का विकल्प तकनीकी रूप से संभाव्य नहीं है।

आसन्न बाढ़ अवधि के दौरान स्थलों पर सतत् निगरानी एवं चौकसी बरती जाएगी। कटाव होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जाएगा।

6

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(गो0)–01–13 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–336 दिनांक–24.04.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–06 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(गो0)–01–13 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(गो0)–01–13 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(गो0)–01–13 / 2026– 2197 पटना, दिनांक– 18/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18.05.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
18.05.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo